दिनांकः 03.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्योगों से अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने तथा गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री आज पोस्ट बजट वेबिनार में बोल रहे थे। आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ बनाना विषय पर आयोजित इस वेबिनार में श्री मोदी ने कहा कि जमीनी स्तर पर बदलाव लाने के लिए उद्योग, वित्तीय संस्थानों और राज्य सरकारों को मिलकर काम करना होगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है।

....

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण साझेदारों की तलाश में है और भारत के पास इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर है।

000

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच विदेशी नौकाओं पर तैनात तीन भारतीय नाविकों की मौत हो गई है और एक व्यक्ति घायल हुआ है। नौवहन महानिदेशालय ने बताया कि सभी हितधारकों के साथ मिलकर भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। नाविकों और उनके परिवारों को सभी आवश्यक सुविधाएँ दी जा रही हैं। इस बीच, दुबई और अबू धाबी से भारत के लिए उड़ानें कल रात फिर से शुरू हो गईं। इससे यूएई में हजारों भारतीय यात्रियों को राहत मिली है।

वहीं, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में 5 और 6 मार्च को होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। जयपुर में 5 मार्च से आयोजित होने वाली ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केन्द्रीय बैंक गवर्नरों की महत्वपूर्ण बैठक स्थगित कर दी गई है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और अंतर्राष्ट्रीय यात्रा मार्गों पर पड़े असर के कारण ये निर्णय लिया गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूट्यूब पर तीन करोड़ सब्सक्राइबर के साथ सबसे ज्यादा फॉलो किये जाने वाले विश्व नेता बन गये हैं। श्री मोदी साल 2007 में यूट्यूब से जुड़े थे और अब उनका चैनल दुनिया के सभी नेताओं से अधिक सब्सक्राइब किया जाने वाला चैनल बन गया है।

000

प्रदेश में आज अधिकतर स्थानों पर धुलण्डी का पर्व मनाया जा रहा है। लोग एक–दूसरे को रंग, अबीर और गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दे रहे हैं। जगह–जगह हुरियारों की टोलियां नजर आ रही हैं। बृज क्षेत्र में लठमार होली भी खेली जा रही है। उधर, कोटा में होली पर्व पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से झांकियां भी सजाई गईं। वहीं जैसलमेर में सोनार किले पर बादशाह की झांकी सजाई गई है। प्रदेशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में इस अवसर पर अनूठी परम्पराएं निभाई जा रही हैं। राजधानी जयपुर में आज पर्यटन विभाग की ओर से देशी–विदेशी सैलानियों के लिए धुलण्डी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

000

आज विश्व वन्यजीव दिवस है। प्रकृति और इंसानों के बीच अच्छा तालमेल बनाये रखने के लिए ये दिन मनाया जाता है। इस दिन पर्यावरण और विलुप्त हो रहे जीवों को बचाने के संबंध में जागरुकता का संकल्प लिया जाता है। इस साल की थीम **औषधीय और सुगंधित पौधे : स्वास्थ्य, विरासत और आजीविका का संरक्षण** रखी गई है। इसका मुख्य उद्देश्य उन पौधों की रक्षा करना है, जिनका उपयोग दवाईयों और सुगंध बनाने में किया जाता है।
केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर सरकार की पारिस्थितिक संतुलन की प्रतिबद्धता दोहराई है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने उम्मीद जताई कि

यह दिन आने वाली पीढ़ियों के लिए वन्यजीवों की रक्षा और संरक्षण के सामूहिक संकल्प को और मजबूत करेगा।

000

कोटा—बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का शिलान्यास 7 मार्च को प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का इसकी आधारशिला रखने का कार्यक्रम है। शिलान्यास समारोह के मद्देनजर ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कल कार्यक्रम स्थल शम्भुपुरा जायजा लिया। उन्होंने कोटा और बूंदी कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को पार्किंग, तकनीकी तथा अन्य सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिये।

000